# नगर निगम का बजट: जनता को टैक्स से राहत, पार्षदों की 'निधि' का हुआ सरलीकरण

**सतना। नगर निगम की परिषद बैठक में मंगलवार को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अनुमानित बजट सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। इस बजट की सबसे बड़ी विशेषता जनता पर किसी भी तरह का अतिरिक्त कर न लादना और पार्षदों की कार्यप्रणाली को सुगम बनाना रहा।**




### बजट के मुख्य आंकड़े: एक नजर में

नगर निगम द्वारा प्रस्तुत बजट में आय और व्यय का विवरण कुछ इस प्रकार है।
कुल अनुमानित आय: 4,66,63,90,000 (4 अरब 66 करोड़ 63 लाख 90 हजार रुपये)
कुल अनुमानित व्यय: 4,86,26,50,000 (4 अरब 86 करोड़ 26 लाख 50 हजार रुपये)
अनुमानित घाटा: 19,62,60,000 (लगभग 19.62 करोड़ रुपये)
जनता को बड़ी राहत: 10 प्रतिशत संपत्ति कर वृद्धि का प्रस्ताव वापस।

बजट सत्र के दौरान सबसे महत्वपूर्ण निर्णय संपत्ति कर को लेकर लिया गया। प्रशासन की ओर से कर में 10 प्रतिशत की वृद्धि का प्रस्ताव रखा गया था,लेकिन सत्तापक्ष और विपक्ष के पार्षदों ने एकजुट होकर इसका विरोध किया। जनभावनाओं का सम्मान करते हुए महापौर योगेश ताम्रकार और निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी ने इस प्रस्ताव को वापस लेने की घोषणा की। महापौर ने स्पष्ट किया कि इस वर्ष रिकॉर्ड 26 करोड़ रुपये से अधिक की टैक्स वसूली हुई है,जिसे देखते हुए ईमानदारी से टैक्स भरने वाली जनता पर अतिरिक्त बोझ डालना उचित नहीं है।

### पार्षद निधि और विकास कार्यों पर जोर

बैठक में पार्षदों ने अपनी निधि के उपयोग में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों का मुद्दा उठाया।

### पार्षद निधि का सरलीकरण

पार्षदों को विकास कार्यों के लिए आवंटित 25 लाख रुपये की राशि को प्राप्त करने की प्रक्रिया को आसान बनाया जाएगा। वार्डों में तत्काल होने वाले कार्यों के लिए राशि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। फाइलों को अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखा जाएगा। बजट में सभी वार्डों के विकास के लिए कुल 11.54 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि

महापौर योगेश ताम्रकार ने अपने संबोधन में कहा कि उनके कार्यकाल के इस अंतिम वर्ष में संकल्प विकास कार्यों को गति देना है। उन्होंने कहा जनता ईमानदारी से टैक्स जमा कर रही है,इसलिए हमारा कर्तव्य है कि हम उनके साथ खड़े रहें। आलोचनाओं की परवाह किए बिना हम शहर की उन्नति के लिए पूरी ईमानदारी से प्रतिबद्ध हैं। निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी ने पार्षदों को आश्वस्त किया कि कागजी कार्यवाही को जल्द पूरा कर वार्डों के विकास के लिए राशि तुरंत उपलब्ध कराई जाएगी। बजट में दर्शाए गए करीब 19.62 करोड़ के घाटे पर वित्त अधिकारियों ने पार्षदों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए स्थिति स्पष्ट की।

## खबर संक्षेप

### मवेशियों की तस्करी पर पुलिस का शिकंजा: 40 नग भैंस बरामद



**सतना।** मझगवां में सोमवार की देर रात मझगवां थाना पुलिस ने गश्त के दौरान एक बड़ी कार्यवाही की है। पुलिस ने एक संदिग्ध वाहन को रोककर तलाशी ली,जिसमें लगभग 35 से 40 नग भैंस और पड़वा क्रूरतापूर्वक भरे हुए पाए गए। पुलिस ने वाहन को जब्त कर मवेशियों को मुक्त कराया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### चित्रकूट में कुत्तों के हमले से घायल हुआ नर सांभर




**सतना।** अमहा चित्रकूट वन परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत टेढ़ी पतवानिया के अमहा गांव में आवारा कुत्तों ने एक नर सांभर पर हमला कर उसे बुरी तरह लहूलुहान कर दिया। जान बचाने के लिए सांभर सतन पटेल के पुरवा के पास एक बाड़े में जा घुसा। स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग के रेंजर अभिषेक मिश्रा को दी है,जिसके बाद रेस्क्यू की तैयारी की जा रही है।

### प्रेमी युगल ने फांसी लगाकर दी जान



**सतना।** सिंहपुर थाना क्षेत्र के मोरा गांव से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। परिजनों के विरोध से क्षुब्ध होकर एक प्रेमी युगल ने जंगल में एक ही फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। दोनों के शव पेड़ से लटके मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन



**मैहर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय मैहर में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर चंचल नागर,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसुनवाई की गई। इस दौरान स्थानीय नागरिकों/ महिलाओं ने अपनी समस्याएं, शिकायतें और सुझाव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत किए। अति. पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी शिकायतकर्ताओं को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान किया जाएगा। संबंधित अधिकारी एवं थाना प्रभारी को शिकायतों के निराकरण हेतु तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

## मारपीट कर हत्या करने वाले दो आरोपी 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार



**सतना।** पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत उचेहरा पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गाली-गलौज और मारपीट कर वृद्ध की हत्या करने वाले दो सगे संबंधियों को घटना के महज 24 घंटे के भीतर सलाखों के पीछे भेज दिया है। घटना दिनांक 29 मार्च की रात करीब 10:00 बजे की है। फरियादी ज्ञानप्रसाद चौधरी 65 वर्ष,निवासी वार्ड नं. 03 उचेहरा,जब हट्टाबाबा के पास थे,तभी मोहल्ले के ही समयलाल चौधरी और देवलाल चौधरी ने शराब के नशे में उनके साथ अभद्रता और गाली-गलौज शुरू कर दी। जब ज्ञानप्रसाद ने विरोध किया,तो दोनों आरोपियों ने उनके साथ बेरहमी से मारपीट की और उन्हें जमीन पर पटक कर घसीटा। शोर सुनकर आस-पास के लोगों ने बीच-बचाव किया,जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

### इलाज के दौरान तोड़ा दम

पीड़ित को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उचेहरा ले जाया गया,जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद पुलिस ने धारा 296 (बी), 118(1), 351(3), 3(5) के तहत मामला दर्ज किया। चोटों की गंभीरता को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल सतना रेफर किया गया,जहाँ इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। मारपीट के कारण हुई मौत की पुष्टि होने पर मामले में धारा 103(1) (हत्या) का इजाफा किया गया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए उचेहरा पुलिस ने तत्काल दबिश दी और दोनों मुख्य आरोपियों समयलाल चौधरी पिता जगतदेव चौधरी उम्र 25 वर्ष देवलाल चौधरी पिता छकौडीलाल चौधरी उम्र 31 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया।

## बढ़ती मंहगाई से आम जनता का जीना मुश्किल हो गया है: धर्मेश घई

### महंगाई के विरोध में कांग्रेस ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



**मैहर।** बढ़ती महंगाई, गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि,बिजली दरों में बढ़ोतरी तथा पेट्रोल-डीजल की कीमतों में उछाल के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को एसडीएम कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने आमजन पर बढ़ते आर्थिक बोझ को लेकर चिता जताई। प्रदर्शन उपरांत कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा जिसे माननीय राज्यपाल के नाम प्रेषित किया गया। ज्ञापन में महंगाई को आम जनता के लिए गंभीर संकट बताते हुए त्वरित राहत की मांग की गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई ने कहा कि वर्तमान सरकार की नीतियों के कारण आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं,जिससे गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों का जीवन अत्यंत कठिन हो गया है। उन्होंने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि और उसकी अनियमित उपलब्धता ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। साथ ही बिजली दरों में बढ़ोतरी एवं पेट्रोल-डीजल की महंगाई ने किसानों,श्रमिकों और आम नागरिकों की कमर तोड़ दी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही जनसमस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी व्यापक जनआंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। वहीं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रमेश प्रजापति ने अपने संबोधन में कहा कि महंगाई ने आमजन का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है और जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि सरकार को जनभावनाओं का सम्मान करते हुए तत्काल गैस सिलेंडर के दाम कम करने,बिजली दरों को वापस लेने एवं पेट्रोल-डीजल की कीमतों में राहत देने की दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए। मुख्य मांगों में गैस सिलेंडर की कीमतों में तत्काल कमी एवं पर्याप्त उपलब्धता,बढ़ाई गई बिजली दरों को वापस लेना,पेट्रोल-डीजल की कीमतों में राहत एवं सुचारु आपूर्ति किया जाना चाहिए।




## महावीर जयंती पर श्वेतांबर समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा



**सतना।** पूरे विश्व में सत्य,अहिंसा का संदेश देने वाले जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर सतना के श्री श्वेतांबर जैन समाज द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकली गई। शोभायात्रा श्री आदिनाथ जिनालय गांधी चौक से मंगलवार को प्रातः 9:30 बजे प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गो-गांधी चौक बिहारी चौक श्री महावीर भवन पन्नीलाल चौक पुराना पावर हाउस चौक हनुमान चौक होते हुए वापस श्री आदिनाथ जिलालय में पूर्ण हुई। रथ यात्रा में सुमधुर बैंड के साथ युवक श्वेत वस्त्र में गरबा करते हुए और खुशियों का इजहार करते हुए आगे आगे चल रहे थे उसके उपरांत सुंदर रथ में भगवान विराजमान थे और अंतिम में मातृशक्ति रथ यात्रा में चल रहीं थी। रथ यात्रा संपन्न होने के उपरांत श्री ऋषभ अभयदेव जैन भवन(उपाश्रय जी) में संघ स्वामी वात्सल्य का भी आयोजन किया गया था। स्वामी वात्सल्य के लाभार्थी श्री श्वेताम्बर जैन नवयुवक मंडल द्वारा स्वादिष्ट प्रसाद की व्यवस्था की गई।

## मझगवां में 'नल जल योजना' या बीमारी का बुलावा? नलों से टपक रहा है 'ज़हर' जैसा काला पानी!



**सतना।** सरकार दावा करती है कि 'नल जल मिशन' के जरिए हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुँच रहा है, लेकिन जनपद पंचायत मझगवां मुख्यालय की ज़मीनी हकीकत इन दावों के मुँह पर तमाचा मार रही है। 31 मार्च को सप्लाई किए गए पानी ने ग्राम पंचायत प्रशासन की लापरवाही की पोल खोलकर रख दी है।

### गंदा पानी पीने को मजबूर ग्रामीण

मझगवां के हर वार्ड का हाल एक जैसा है। नलों से साफ पानी की जगह काला और मटमैला पानी निकल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पानी की टंकियों की महीनों से सफाई नहीं हुई है,जिसके कारण पाइप लाइन के जरिए घरों तक गंदगी परोसी जा रही है। भीषण गर्मी की शुरुआत में जब पानी की सबसे ज्यादा जरूरत है,तब ग्रामीण ऐसा पानी पीने को मजबूर हैं जिससे महामारी फैलने का खतरा बना हुआ है।

### पंचायत मुखिया की संवेदनहीनता: 'मैं क्या करूं?'

सबसे शर्मनाक स्थिति ग्राम पंचायत के मुखिया की है। स्थानीय निवासी राजकिशोर और अन्य ग्रामीणों ने जब इस दूषित पानी की शिकायत की,तो मुखिया ने अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए दो टूक कह दिया-मैं क्या करूं? इसी तरह का पानी आता है। जब पंचायत का मुखिया ही लाचारी दिखा रहा हो,तो आम जनता अपनी गुहार लेकर कहाँ जाए? जल जीवन मिशन की नई पाइपलाइन और टंकियां भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी हैं।

### ग्रामीणों का आक्रोश प्रशासन से तीखे सवाल

क्या प्रशासन किसी बड़ी बीमारी या जनहानि का इंतजार कर रहा है? साफ-सफाई के नाम पर आने वाला बजट आखिर किसकी जेब में जा रहा है? क्या 'नल जल मिशन' का उद्देश्य केवल पाइप बिछाना था,या लोगों को स्वच्छ पानी देना भी? यदि समय रहते टंकी की सफाई और पानी की गुणवत्ता में सुधार नहीं किया गया,तो मझगवां के ग्रामीण उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस घोर लापरवाही के लिए सीधे तौर पर ग्राम पंचायत और संबंधित विभाग जिम्मेदार है।

## तेज रफ्तार ऑटो की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल



**सतना।** रामनगर मार्ग पर ग्राम गोविंदपुर के पास एक तेज रफ्तार ऑटो ने मोटरसाइकिल सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दीपक नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सिविल अस्पताल अमरपाटन लाया गया,जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल सतना रेफर कर दिया है।

## शराब दुकान खोलने की साजिश पर भड़के ग्रामीण

**मैहर।** मैहर के ग्राम पंचायत भदनपुर उत्तर पट्टी में प्रस्तावित शराब दुकान को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा अब खुलकर सामने आ गया है। सरपंच राहुल गुप्ता के नेतृत्व में ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए साफ चेतावनी दी है कि अगर 5-7 दिनों में कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र जनआंदोलन होगा। ग्रामीणों का आरोप है कि जिस स्थान पर शराब दुकान खोलने की तैयारी की जा रही है वहां पास में ही पंचायत भवन,आंगनवाड़ी,कोचिंग क्लासेस और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौजूद हैं। ऐसे संवेदनशील इलाके में शराब दुकान खोलना सीधे तौर पर बच्चों, महिलाओं और आम नागरिकों की सुरक्षा से खिलवाड़ बताया जा रहा है,और तो और,इसी जगह पर राशन दुकान (खाद्यान्न वितरण केंद्र) भी संचालित है, जहां रोजाना सैकड़ों लोग-खासतौर पर महिलाएं और बच्चे-आवागमन करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर यहां शराब दुकान खुलती है तो क्षेत्र में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बढ़ेगा और माहौल बिगड़ना तय है। ज्ञापन में साफ कहा गया है कि शराब दुकान खुलने से महिलाओं की सुरक्षा पर खतरा, बच्चों के भविष्य पर असर और गांव की शांति व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ सकती है।

## मैहर से सराफा व्यापारी विनोद सोनी सहित चोरी का आरोपी रोहित जैन गिरफ्तार, जबलपुर पुलिस की कार्रवाई

**मैहर।** दमोह नाका स्थित शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर से चांदी के छत्र चोरी के मामले में जबलपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मैहर से चोरी के आरोपी सहित एक सराफा व्यापारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने मैहर में दबिश देकर दोनों आरोपियों को पकड़कर जबलपुर ले गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 मार्च को गोरखपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दमोह नाका स्थित जैन मंदिर से अज्ञात व्यक्ति द्वारा चांदी का छत्र चोरी कर लिया गया था। यह पूरी घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए आरोपी की पहचान मैहर निवासी रोहित जैन के रूप में की। पुलिस ने एक सप्ताह के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी किए गए करीब 50 हजार रुपये कीमत के चांदी के छत्र को मैहर के कटरा बाजार स्थित एक ज्वेलरी दुकान में बेचने की बात स्वीकार की। इस खुलासे के बाद जबलपुर पुलिस की टीम मैहर पहुंची और स्थानीय पुलिस के सहयोग से कटरा बाजार में दबिश देकर ज्वेलरी शॉप संचालक विनोद सोनी को भी गिरफ्तार कर लिया। प्राथमिक पूछताछ और आवश्यक कार्रवाई के बाद पुलिस टीम दोनों आरोपियों को अपने साथ जबलपुर ले गई,जहां आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

# महावीर जन्मोत्सव के उपलक्ष में धूमधाम से निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

**देवेंद्रनगर में चांदी के रथ पर विराजमान हुए महावीर स्वामी जैन समाज ने जन्म कल्याणक पर्व पर निकाली गई शोभा यात्रा**

देवेंद्रनगर में जैन समाज द्वारा प्रातः काल में प्रभात फेरी पूरे नगर में भ्रमण करते हुए भगवान श्री महावीर स्वामी की जन्म जन्मकल्याणक के अवसर पर प्रातः कालीन वेला प्रतिष्ठाचार्य पंडित संकेत जैन ष्विवेकष्के निर्देशन में विधि-विधान पूर्वक जिनाभिषेक शांतिधारा एवं पूजनोपरांत दोपहर में भव्य रथयात्रा निकाली गई जिसमें ढोल नगाड़े एवं डीजे के मध्य हजारों की संख्या में जैन धर्मावलंबी उपस्थित रहे।

देवेन्द्रनगर।



जैन समुदाय द्वारा जगह जगह पर रंगोली चौक तोरणद्वार एवं अनेक विविध रुपों से रथयात्रा की शोभा को बढ़ाकर भगवान श्री महावीर स्वामी के प्रति अपनी अनन्य श्रद्धा भक्ति का समर्पण व्यक्त किया। स्थानीय भजन मण्डली द्वारा संपूर्ण मार्ग में भगवान श्री महावीर स्वामी का गुणगान किया जा रहा था तथा मनीष जैन, रबी दादा, शांत कुमार जैन पट्टू, अजित बडवारा,डीके जैन, अतुल जैन की टीम के द्वारा भजनों में भक्तजन भक्ति गान की धुन पर श्रद्धा से सराबोर हो झूमते थिरकते नजर आ रहे थे। रथयात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः जैन मंदिर परिसर में पहुंची ,जहां भगवान का महाभिषेक किया गया। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए भक्तामर दीप अर्चना, किया गया। पाठशाला के बच्चों द्वारा सुंदर झांकी का प्रदर्शन किया गया जिसमें राजस्थान के चांदनपुर गांव में सैंकड़ों वर्षों पूर्व घटी चमत्कारिक घटना को दिखाया गया, जिसमें ग्वाले द्वारा टीले की खुदाई से प्राप्त अत्यंत मनोहारी भगवान श्री महावीर स्वामी की दिव्य प्रतिमा का निकलना तथा राजमहल में भगवान के जन्मोत्सव का द्रष्य दिखाया गया इस मौके पर नगर में धार्मिक उत्साह और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। जैन समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य भगवान महावीर के सिद्धांतों दृ अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह और संयम दृ का प्रचार-प्रसार करना है। रथ पर भगवान महावीर की भव्य प्रतिमा को विराजमान किया गया था, जिसे पुष्पों से सुसज्जित किया गया था। भजन मंडलियों द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति की जा रही थी, जिससे संपूर्ण वातावरण धार्मिक भावनाओं से ओत-प्रोत हो इस दौरान देवेंद्र नगर जैन समाज ने भी शोभायात्रा में भाग लेकर भगवान महावीर के चरणों में वंदन किया और समाज को महावीर जयंती की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य और शांति के संदेश को समाज में आत्मसात करने की अपील की जैन समाज के अध्यक्ष प्रदीप जैन एवं महामंत्री रवि जैन ने जानकारी दी कि महावीर जयंती के उपलक्ष्य में आज कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई थी। पहले दिन सुबह प्रभात फेरी निकाली गई और भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जैन समाज कमेटी के कोषाध्यक्ष संजय जैन संजू मामा, मनीष जैन, उपाध्यक्ष इंद्र चंद्र जैन बट्टू, सहमंत्री राहुल जैन, पट्टू सेठ, मुनि व्यवस्था अध्यक्ष रबींद्र जैन बब्लू सहित समस्त जैन समाज ट्रस्ट कमेटी के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को सकल समाज एवं नगर वासियों द्वारा हृदय से सराहा गया।श्रीमती साधना श्रीमती राजुल जैन सहित समस्त महिलाओं ने भरपूर योगदान दिया।

समाज के लोगों ने भगवान महावीर के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया और देश में शांति, अहिंसा व भाईचारे की भावना को प्रबल बनाने का संदेश दिया इस अवसर पर वात्सल्य भोज का आयोजन भी किया गया। थाना प्रभारी संतोष यादव तथा उनकी पुलिस टीम ने व्यवस्था संपूर्ण कार्यक्रम को निर्विघ्न सम्पन्न कराया।

## खबर संक्षेप

### शराब दुकान को नगर से बाहर रखे जाने के लिए तहसीलदार को दिया आवेदन



**पवई।** पवई नगर में भारतीय स्टेट बैंक के बगल से वार्ड क्रमांक 9 संचालित है,जिसको नगर के बाहर रखे जाने हेतु मंगलवार को नगर वासियों ने तहसीलदार कार्यालय पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी पवई के नाम तहसीलदार रत्न राशि पाण्डेय आवेदन सौंपा, जिसमें उन्होंने लेख किया है कि नगर के वार्ड क्रमांक 9में भारतीय स्टेट बैंक के बगल से शराब की दुकान संचालित है वहीं पर दुर्गा मंदिर है पास में एसडीओ फॉरेस्ट का बंगला है और आगे पीएम श्री एक्सीलेंस स्कूल तथा पास में ही गायत्री मंदिर स्थित है। आए दिन दारू पीकर लोग बवाल करते हैं,वहीं पर लोगों की दुकानें हैं जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है महिलाओं तथा बच्चों एवं बच्चिया स्कूल कॉलेज के लिए जाते-जाते हैं। इसकी वजह से वहां रहने वाले लोग एवं दुकानदारों को परेशानियां हो रही है भविष्य में कोई घटना घटित ना हो उसको देखते हुए शराब की दुकान को नगर के बाहर संचालित की जाने की मांग की गई है।

### जनपद अध्यक्ष पवई जेके सीमेंट यूनिट हेड को दिया मांग पत्र



**पवई।** जनपद पंचायत पवई की अध्यक्ष मोहिनी आनंद मिश्रा ने यूनिट हेड जेके सीमेंट प्लांट देवरा को मांग पत्र प्रेषित करते हुए लेख किया है, कि जेके सीमेंट फैक्ट्री देवरा जनपद पंचायत पवई क्षेत्र में आती है जब कोई भी कंपनी किसी क्षेत्र के अंतर्गत कार्य करती है तो उनका एक कारपोरेट सामुदायिक दायित्व सी एस आर होता है, जिसके तहत उस कंपनी को उस क्षेत्र में सार्वजनिक कार्य करना पड़ता है ,जेके सीमेंट कंपनी पिछले 10 वर्षों से पवई जनपद क्षेत्र में कार्य कर रही है उन्होंने मांग पत्र के माध्यम से अनुरोध किया है कि सिद्ध स्थल हनुमान भाटे में वृद्धजनों व दिव्यांगजनों के लिए छाया की व्यवस्था जनमानस के लिए वाटर कूलर प्रकाश व्यवस्था तथा हनुमान पहाड़ी में रोपवे की सुविधा उपलब्ध कराई जाए ,साथ ही मां कलेही के स्थान पर भी विकास कार्य जाने की बात मांग पत्र मे लिखी गई है।

### विद्यालय में हुआ वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



**देवेन्द्रगनर।** विद्या की धरा सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवेंद्र नगर के विवेकानंद सभागार में कक्षा दशम एवं द्वादश को छोड़कर अरुण से लेकर एकादश तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आए भैया/बहनों को माननीय व्यवस्थापक महोदय श्री राम लखन शुक्ला जी कोषाध्यक्ष श्री शैलेश कुमार अग्रवाल जी सम्माननीय सदस्य श्री प्रमोद कुमार अग्रवाल जी एवं अभिभावक श्री द्विवेदी जी ने छात्रों को पदक प्रदान कर उन्हें उत्साहित किया, माननीय व्यवस्थापक महोदय जी ने भैया बहनों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभाशीष प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में माननीय प्राचार्य महोदय जी श्री पूरन सिंह राजपूत जी ने भैया बहनों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए समिति एवं आचार्य परिवार का आभार व्यक्त किया।

### स्वागत सत्कार को लेकर विवाद, दो पक्षों में मारपीट

**अमानगंज-** ग्राम पगरा में आयोजित चौक कार्यक्रम के दौरान स्वागत-सत्कार को लेकर हुए विवाद ने देर रात मारपीट का रूप ले लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी अपनी पत्नी अनीता अहिरवार सहित रिश्तेदारों के साथ कार्यक्रम में शामिल होने गया था। हरिजन तलैया के पास भोजन और नाच-गाना चल रहा था, तभी रात्रि करीब 1 बजे स्वागत को लेकर कहासुनी शुरू हो गई।आरोप है कि विवाद के दौरान रामप्रताप अहिरवार निवासी बोढा और उसके जीजा रामप्रसाद अहिरवार निवासी मनिया ने गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। रामप्रताप ने डंडा उठाकर फरियादी के सिर पर वार किया, जिससे खून निकलने लगा। इसके बाद रामप्रसाद ने हवा भरने वाला पंप से बाएं कंधे पर चोट पहुंचाई। शोर सुनकर मौके पर मौजूद रामचरन अहिरवार व विश्राम अहिरवार ने बीच-बचाव किया।

# पुलिस द्वारा अमानगंज थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले फरार आरोपी को किया गया गिरफ्तार



पन्ना।

पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में पन्ना पुलिस द्वारा अमानगंज थाना क्षेत्र में फरियादिया को शादी का झाँस देकर गलत काम (दुष्कर्म) करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मामले में दिनांक 28.10.2025 को फरियादिया द्वारा थाना अमानगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि आरोपी निवासी ग्राम बरौंहा थाना अमानगंज द्वारा मुझे शादी का झाँसा देकर लगभग एक माह तक मेरे साथ गलत काम (दुष्कर्म) किया गया। उक्त रिपोर्ट पर थाना अमानगंज में आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 575/25 धारा 69 बीएनएस के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले का आरोपी घटना दिनांक से फरार था। जिसकी तलाश पुलिस द्वारा लगातार की जा रही थी। उक्त मामले की विस्तृत जानकारी थाना प्रभारी अमानगंज उनि रवि सिंह जादौन द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई । मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व अनु. अधि. पुलिस गुनौर श्री राजीव सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी अमानगंज उनि रवि सिंह जादौन के नेतृत्व में थाना स्तर पर एक पुलिस टीम का गठन किया गया । उक्त गठित पुलिस टीम द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किए गये। मामले में पुलिस टीम द्वारा आरोपी की जानकारी हेतु अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया एवं पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना से जानकारी प्राप्त की जाकर मुखबिर सूचना के आधार पर मामले के आरोपी को दिनांक 30/03/26 को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाकर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया है।

**सराहनीय योगदान** - उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अमानगंज उप निरीक्षक रवि सिंह जादौन, उप निरीक्षक प्रियंका राजपूत, प्रधान आरक्षक शिवम शर्मा, हेतराम शुक्ला, आरक्षक मुनेन्द्र, तुलसी, अखिल पाल एवं पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा पुलिस टीम द्वारा किये गये कार्य की सराहना की गई है।

# देवेंद्रनगर के ग्राम सुंदरा में खेतों में भीषण आग, लगभग 10 एकड़ फसल जलकर खाक





**फायर ब्रिगेड को सूचना देने के बाद भी मौके पर नहीं पहुंचने के आरोप, ग्रामीण खुद आग बुझाने में जुटे**

देवेन्द्रनगर।

इस समय की सबसे बड़ी खबर देवेंद्रनगर क्षेत्र के ग्राम सुंदरा से सामने आ रही है, जहां मंगलवार को सुबह लगभग 11रू30 बजे खेतों में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और तीन किसानों की लगभग 10 एकड़ फसल को अपनी चपेट में ले लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आग लगने की सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड वाहन को दी गई थी, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद फायर ब्रिगेड समय पर मौके पर नहीं पहुंची। बताया जा रहा है कि सूचना के बाद डायल 112 मौके पर पहुंची, लेकिन आग बुझाने के लिए दमकल वाहन के न पहुंचने से फसल लगातार जलती रही। स्थानीय लोगों ने खुद मोर्चा संभालते हुए आग बुझाने का प्रयास शुरू किया, लेकिन तेज लपटों के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा था। समाचार लिखे जाने तक यानी दोपहर 12रू30 बजे तक आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका था और ग्रामीण लगातार आग बुझाने में जुटे हुए थे। किसान दयाराम साहू से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आग तेजी से फैलती चली गई, जिससे खेतों में खड़ी फसल जलकर नष्ट हो गई। घटना से किसानों को भारी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों में प्रशासन और फायर ब्रिगेड की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि समय पर दमकल वाहन पहुंच जाता, तो फसल को बड़े नुकसान से बचाया जा सकता था।

# पुलिस द्वारा बड़ा गाँव जुआ पर की कार्यवाही, 5 आरोपी गिरफ्तार, कुल मसरूका 242000/- रू नगदी व सामग्री



पन्ना।

पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन में जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना देवेन्द्रनगर पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए जुआ खेलते हुए 05 आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। दिनांक 31.03.2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि देवेन्द्रनगर क्षेत्र में बड़गाँव रेलवे पुल के पास कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर रूपयों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं । सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गई । पुलिस को देखकर आरोपी भागने का प्रयास करने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया।

गिरफ्तार आरोपियों के नाम इस प्रकार हैं- 01 अजय अग्रवाल पिता श्री संतोष अग्रवाल उम्र 45 साल निवासी देवेन्द्रनगर 02. अर्जुन सिसोदिया पिता श्री बदी सिसोदिया उम्र 27 साल निवासी देवेन्द्रनगर 03. राकेश पाल पिता श्री ठाकुर प्रसाद उम्र 38 साल निवासी बसई थाना देवेन्द्रनगर 04. सियाराम आदिवासी पिता श्री बब्बू आदिवासी उम्र 20 साल निवासी बसई थाना देवेन्द्रनगर 05. टीकाराम पाल पिता श्री बब्बू पाल उम्र 27 साल निवासी बसई थाना देवेन्द्रनगर। आरोपियों के कब्जे से 42000/- नगद, 52 ताश के पत्ते एवं चार मोटरसाइकिल कीमती करीब दो लाख रूपय जप्त की गई कुल मसरूका 242000/- रूपये। उक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध थाना देवेन्द्रनगर में धारा 13 जुआ अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पन्ना पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी । आमजन से अपील है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 2026, एक अप्रैल से शुरू होगा स्कूल चलें हम अभियान 4 अप्रैल तक चलने वाले इस अभियान में आयोजित होंगी विभिन्न गतिविधियां

**पन्ना।** नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2026-27 एक अप्रैल से शुरू होगा। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इसे स्कूल चलें हम अभियान के रूप में मनाया जाएगा। यह 4 अप्रैल तक चलेगा। अभियान में 1 से 4 अप्रैल तक प्रतिदिन शालाओं में कार्यक्रम होंगे। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में सभी जिलों के कलेक्टर्स और जिला शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं। इस दौरान सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जिले के प्रभारी मंत्री जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम चयनित स्कूलों में होगा। कार्यक्रम में सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। उपस्थित छात्र-छात्राओं को निरूशुल्क पाठ्य-पुस्तकें वितरित की जाएंगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने ऐसी व्यवस्था की है कि नये शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तकें मिल जायें। इस संबंध में विभाग द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी और मैदानी अमले को निर्देश भी जारी कर दिये गये हैं। ग्राम और बसाहट के शाला से बाहर रहे चिन्हित बच्चों का शाला में नामांकन कराया जायेगा। बच्चों के अभिभावकों का शाला स्तर पर स्वागत किया जायेगा। कक्षा 1 से 8 तक सभी शालाओं में एक अप्रैल को बालसभा का आयोजन किया जायेगा। इस दिन शालाओं में विशेष भोजन की व्यवस्था भी की गई है। स्कूल चलें हम अभियान के दूसरे दिन शालाओं में भविष्य से भेंट कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध, प्रबुद्ध और सम्मानित व्यक्तियों को एक प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंट के लिये आमंत्रित किया जायेगा। आमंत्रित अतिथि उपस्थित बच्चों को पढ़ाई के महत्व और प्रेरणादायी कहानियां सुनाएंगे। इस दौरान सामाजिक संस्था एवं आमंत्रित व्यक्ति स्वेच्छा से विद्यार्थियों को शाला उपयोगी वस्तुएं भेंट कर सकेंगे। जिला कलेक्टर को जिले के प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों को किसी एक शाला में जाकर एक कालखण्ड में बच्चों के साथ संवाद करने के लिये संवाद करने के भी निर्देश दिये गये हैं। अभियान अंतर्गत 3 अप्रैल को शाला स्तर पर पालकों के साथ सांस्कृतिक एवं खेल-कूद की गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। इसका उद्देश्य पालकों को विद्यालय से जोड़ना है। इसी दिन शाला में उपस्थित पालकों को शैक्षणिक स्टॉफ द्वारा राज्य सरकार की स्कूल शिक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। पिछले शैक्षणिक सत्र में जिन विद्यार्थियों की 85 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति रही है, उनके पालकों को सभा में सम्मानित किया जायेगा। 4 अप्रैल को ऐसे छात्रों को चिन्हित किया जायेगा, जो किन्हीं वजहों से कक्षोन्नति प्राप्त करने में असफल हो गये हैं। पालकों को इन बच्चों की आगे की पढ़ाई के लिये समझाईश दी जायेगी। उन्हें बताया जायेगा कि असफल होने के बाद भी लगातार प्रयास से अच्छा भविष्य तैयार किया जा सकता है। इसी दिन शाला प्रबंधन और विकास समिति की बैठक भी होगी। बैठक में नये शैक्षणिक सत्र में ऐसे बच्चों पर विशेष रूप से चर्चा की जायेगी, जिनका शालाओं में नामांकन नहीं हो पाया है। समिति के सदस्य अपने विद्यालयों में शत-प्रतिशत बच्चों के नामांकन की कोशिश करेंगे और वार्षिक कार्ययोजना बनाकर उसके क्रियान्वयन पर चर्चा करेंगे।

### निकाली गई महावीर स्वामी की शोभा यात्रा



**पवई।** पवई में भी जैन धर्म के 24 वें और अंतिम तीर्थंकर महावीर स्वामी जी की जयंती हर्षोल्लास और पूरे विधि विधान से मनाई गई। इस अवसर पर जैन समाज के द्वारा नगर में ढोल नगाड़ों और गाजे बाजे के साथ स्वामी जी की शोभायात्रा निकाली गई,यह शोभायात्रा झंडा बाजार स्थित जैन मंदिर से शुरू होकर,कन्या शाला, मोहन्द्रा तिराहा, करही चौराहा मिलौनीगंज,बस स्टैंड,गांधी चौक से होते हुए पुनः जैन मंदिर पहुंची।

# अमानगंज मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का सफल समापन. आठ सत्रों में कार्यकर्ताओं को मिला वैचारिक मार्गदर्शन, योग व सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे आकर्षण

अमानगंज।





पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का दो दिवसीय आयोजन अमानगंज मंडल में 30 मार्च से 31 मार्च 2026 तक उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया। प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत आठ सत्रों में अलग-अलग विषय प्रवर्तकों ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक एवं वैचारिक प्रशिक्षण प्रदान किया।प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने संबोधित किया, जबकि अध्यक्षता संजय तिवारी ने की। द्वितीय सत्र में शतानंद गौतम ने मुख्य वक्ता के रूप में मार्गदर्शन दिया तथा अध्यक्षता सुनीलाल पाल ने की। रात्रिकालीन कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया।दूसरे दिन कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः योगासन से हुई, जिसमें राजदीप गोस्वामी द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को योगाभ्यास कराया गया। तृतीय सत्र में राम बिहारी चौरसिया ने संबोधित किया तथा अध्यक्षता मस्तराम राजपूत ने की। चतुर्थ सत्र में जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा मुख्य वक्ता रहे और अध्यक्षता उदय बिसेन ने की। पंचम सत्र में बृजेंद्र खंपारिया ने विचार रखे, जिसकी अध्यक्षता विशाल सिंह भदोरिया ने की।षष्ठम सत्र में जिला महामंत्री राजेंद्र कुशवाहा ने मार्गदर्शन दिया और अध्यक्षता प्रेम नारायण शर्मा ने की। सप्तम सत्र में जिला उपाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी मुख्य वक्ता रहे तथा अध्यक्षता कमलेश पांडे ने की। अष्टम एवं समापन सत्र में जयप्रकाश चतुर्वेदी ने मुख्य वक्ता की भूमिका निभाई, जबकि अध्यक्षता नाथू सिंह राजपूत ने की।प्रशिक्षण महाभियान में अमानगंज मंडल के सभी पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, सरपंच तथा भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। राष्ट्रगान 'जन गण मन' के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। अंत में मंडल अध्यक्ष डॉ. प्रशांत चतुर्वेदी ने आभार व्यक्त किया। पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन मंडल महामंत्री दीपक यादव द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप

### पेंशनर्स एसोसिएशन का संभागीय सम्मेलन संपन्न



छतरपुर। शहर के ऑडिटोरियम में रविवार को पेंशनर्स एसोसिएशन का भव्य संभागीय सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में सागर संभाग के विभिन्न जिलों से आए प्रांतीय और जिला स्तर के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान पेंशनभोगियों की ज्वलंत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई और भविष्य की रणनीति तैयार की गई।
पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांतीय सचिव एवं जिलाध्यक्ष रामसेवक गोस्वामी ने बताया कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य पेंशनर्स की लंबित मांगों और उनके हितों की रक्षा करना है। चर्चा के दौरान सबसे प्रमुख मुद्दा मध्य प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49 को समाप्त न किए जाने का रहा। पदाधिकारियों ने कहा कि इस धारा के कारण पेंशनर्स को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। सम्मेलन में वक्ताओं ने सरकार से मांग की कि धारा 49 को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाए ताकि पेंशनर्स को उनका उचित लाभ मिल सके। साथ ही, पेंशनर्स की अन्य विभागीय समस्याओं के समाधान के लिए चरणबद्ध तरीके से आंदोलन और रणनीति बनाने पर सहमति बनी। इस अवसर पर संभाग भर से आए सैकड़ों पेंशनर्स ने अपनी एकजुटता प्रदर्शित की और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

### मां से मारपीट, एसपी से न्याय की गुहार



छतरपुर। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया, जहां एक वृद्ध महिला ने अपने ही बेटे पर मारपीट और प्रताडऩा के गंभीर आरोप लगाए। नरसिंहगढ़पुरवा निवासी 62 वर्षीय हीरामणि देवी अग्निहोत्री ने शिकायत में बताया कि उनका बड़ा पुत्र अखिलेश कुमार अग्निहोत्री नशे का आदी है और आए दिन उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट करता है। महिला ने आरोप लगाया कि बेटे के साथ उसकी पत्नी कविता देवी उर्फ कपूरी देवी भी मिलकर उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करती है। इतना ही नहीं, परिवार को आत्महत्या के लिए उकसाने और जान से मारने की धमकी भी दी जाती है। पीड़िता ने बताया कि उसका पति मानसिक रूप से अस्वस्थ है, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है।हीरामणि देवी का कहना है कि उन्होंने पहले भी थाना सिविल लाइन में शिकायत की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब उन्होंने एसपी से सख्त कानूनी कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

### राजनीति में मर्यादा और अनुशासन जरूरीः सीएम

छतरपुर। मध्य प्रदेश विधानसभा भोपाल में आयोजित दो दिवसीय युवा विधायक सम्मेलन में मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के 50 से अधिक विधायक शामिल हुए। सम्मेलन में लोकतंत्र, जनभागीदारी और विकसित भारत 2047 के विजन पर मंथन किया जा रहा है। छतरपुर जिले से महाराजपुर विधायक कामाख्या प्रताप सिंह टीकाराजा एवं राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया को भी आमंत्रित किया गया, जिन्होंने जिले का प्रतिनिधित्व किया।कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक लोक नृत्य से स्वागत और ग्रुप फोटो के साथ हुई। सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। पहले दिन तीन सत्रों में नागरिक भागीदारी और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में युवा विधायकों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। दूसरे दिन 'विकसित भारत 2047: युवा विधायकों के दायित्व एवं चुनौतियां विषय पर मंथन हुआ।

# कल कुड़नताल में होगा भव्य श्री हनुमान जन्मोत्सव

**छतरपुर। कुडऩताल क्षेत्र में भक्तिभाव और उल्लास का माहौल बनने जा रहा है। 2 अप्रैल को यहां श्री हनुमान जन्मोत्सव बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर में विशेष पूजन-अर्चन, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है इसके साथ ही धार्मिक संस्कृति को जीवंत करने के उद्देश्य से श्रीधाम वृंदावन की प्रसिद्ध रामलीला का मंचन भी शुरू हुआ है।**



यह रामलीला 7 अप्रैल तक चलेगी, जिसमें भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा।रामलीला का आयोजन महंत श्याम सुंदर के नेतृत्व में किया जाएगा। प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक लीला का मंचन होगा, जहां कलाकारों द्वारा जीवंत अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया जाएगा। वहीं दिन के समय मेले का आयोजन भी किया जा रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहेगा। मंदिर के पुजारी पप्पू महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने सभी भक्तों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस धार्मिक आयोजन का लाभ उठाएं और पुण्य के भागी बनें।

# राजनगर के मजदूर का बेटा खेलेगा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट

### दिव्यांग इंडियन क्रिकेट टीम में हुआ चयन



छतरपुर। बुंदेलखंड की तपती धरती और अभावों के बीच पले-बढ़े एक युवा ने अपनी शारीरिक अक्षमता को कमजोरी नहीं, बल्कि अपनी सबसे बड़ी ताकत बना लिया है। राजनगर विधानसभा क्षेत्र के छोटे से ग्राम तालगांव के निवासी शहीद उर्फ साहिल खान का चयन श्रीलंका दौरे के लिए राष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेट टीम में होना, केवल एक खिलाड़ी की सफलता नहीं है, बल्कि यह उस अटूट हौसले की जीत है जो गरीबी और दिव्यांगता की बेड़ियों को तोड़कर आसमान छूने का माद्दा रखता है। इस खबर के सामने आते ही पूरे छतरपुर जिले और मुस्लिम समाज सहित सभी वर्गों में हर्ष का माहौल है।
साहिल खान की इस स्वर्णिम सफलता के पीछे संघर्ष की एक ऐसी दास्तान छिपी है, जो किसी के भी रोंगटे खड़े कर दे। साहिल की माता ने भावुक होकर बताया कि उनका बेटा बचपन में अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए गांव-गांव जाकर बर्फ बेचा करता था। बेटे के सपनों को पंख देने के लिए मां ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी; उन्होंने दिल्ली के निर्माण स्थलों पर मजदूरी की, सिर पर ईंट और तसले उठाए, ताकि उनका बेटा क्रिकेट के मैदान पर अपनी प्रतिभा निखार सके। आज जब साहिल का चयन टीम इंडिया (दिव्यांग) में हुआ है, तो मां की आंखों से छलके खुशी के आंसू उन वर्षों की कठोर तपस्या का फल बयां कर रहे हैं। साहिल के करीबी मित्रों और ग्रामीणों का कहना है कि वे बचपन से ही बेहद मेहनती और खेल के प्रति समर्पित रहे हैं। विपरीत परिस्थितियों ने उन्हें कभी टूटने नहीं दिया, बल्कि उनके इरादों को और फौलादी बनाया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की खेल प्रोत्साहन नीतियों और ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देने के विजन के बीच, साहिल की यह उपलब्धि राजनगर क्षेत्र के लिए एक मिसाल बन गई है। लोगों को गर्व है कि उनके गांव का बेटा अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रीलंका की जमीन पर भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। साहिल की इस ऐतिहासिक कामयाबी पर बधाई देने वालों का उनके घर पर तांता लगा हुआ है। तालगांव सरपंच मनोज पटेल, अवध पटेल, हरियाणा पटेल और मोहम्मद इमरान (ललपुर) ने साहिल के निवास पहुंचकर परिजनों को मिठाई खिलाई और साहिल के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि साहिल श्रीलंका दौरे पर अपने बल्ले और गेंद से शानदार प्रदर्शन कर न केवल भारत को जीत दिलाएंगे, बल्कि तिरंगे का मान पूरी दुनिया में बढ़ाएंगे। यह सफलता छतरपुर के हर उस युवा के लिए प्रेरणा है जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखता।

# 16 लाख कीमत के 106 गुम मोबाइल धारकों को वापिस लौटाए



छतरपुर। पुलिस ने तकनीक और तत्परता का अनूठा उदाहरण पेश करते हुए एक बार फिर आम जनता का भरोसा जीतने में बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस अधीक्षक श्री अगम जैन के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन विश्वास के तहत सायबर सेल और थानों की संयुक्त टीम ने मार्च माह में 106 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इस बड़ी कार्रवाई का सार उस पुलिसिया मुस्तैदी में छिपा है, जिसने दिल्ली और उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों तक जाल बिछाकर लोगों की मेहनत की कमाई के स्मार्टफोन्स को वापस उनके असली मालिकों तक पहुँचाया।छतरपुर सायबर सेल ने मार्च के महीने में बरामद किए गए 106 मोबाइलों की कुल कीमत लगभग 16 लाख आंकी है। ये मोबाइल केवल स्थानीय स्तर पर ही नहीं, बल्कि दिल्ली, लखनऊ, महोबा, झाँसी, बाँदा (उत्तर प्रदेश), टीकमगढ़, सागर और पन्ना जैसे सुदूर इलाकों से कड़ी मशक्कत के बाद ट्रैक किए गए। पुलिस की इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि आधुनिक तकनीक और सही दिशा में किए गए प्रयास अपराधियों और गुमशुदा संपत्ति तक पहुँचने में कितने कारगर हैं।

### अब तक 70 लाख के मोबाइल खोजे

ऑपरेशन विश्वास के तहत साल 2026 अब तक छतरपुर पुलिस के लिए बेहद सफल रहा है। आंकड़ों पर गौर करें तो इस वर्ष अब तक कुल 406 से अधिक मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सौंपे जा चुके हैं, जिनकी सामूहिक कीमत करीब 70 लाख है। सबसे सुखद पहलू यह है कि ये मोबाइल समाज के हर वर्ग-चाहे वे छात्र-छात्राएं हों, मजदूर हों, एनजीओ कर्मचारी हों, किसान हों या गृहणियां से संबंधित थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य पटले के मार्गदर्शन और सायबर सेल प्रभारी नेहा सिंह गुर्जर व उनकी टीम की इस कार्यप्रणाली ने जनता के बीच पुलिस की छवि को मित्र पुलिस के रूप में और अधिक पुख्ता किया है।

# फेयरवेल पार्टी में छात्र-छात्राओं ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



छतरपुर। महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में बीते रविवार को फेयरवेल पार्टी का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर उत्साह और उमंग के रंगों से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम के दौरान सीनियर और जूनियर छात्र-छात्राओं ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए मंच पर समां बांध दिया। विदाई समारोह में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न फिल्मी और लोक गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण के बीच इस सांस्कृतिक आयोजन ने छात्रों को अपनी छिपी हुई प्रतिभा दिखाने का एक बेहतरीन मंच प्रदान किया। विदाई की बेला पर छात्र भावुक भी नजर आए और उन्होंने अपने गुरुओं व सहपाठियों के साथ बिताए सुनहरे पलों को साझा किया। सोशल मीडिया पर भी इस आयोजन की झलकियां चर्चा का विषय बनी रहीं, जिसमें छात्र अपनी शैक्षणिक यात्रा के समापन को यादगार बनाते हुए दिखाई दिए।

# खजुराहो में सामाजिक संस्थानों ने बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित की

खजुराहो। बच्चों का नया शिक्षण सत्र शुरू होने वाला है,सरकार सभी बच्चों को शिक्षण हेतु कटिबद्ध है तो वहीं सामाजिक संस्थान भी इस ओर सहयोग में आगे आ रहे हैं,विगत दिवस इसी कड़ी में पर्यटन नगरी खजुराहो,जटकरा तथा ग्राम ललगुवां में ओजस्वी फाउंडेशन, रोटरी मिडवेस्ट ट्रस्ट नई दिल्ली तथा क्वालिटी इंडिया टूर्स द्वारा स्कूली बच्चों को कॉपी,रजिस्टर,पेनसहित अन्य शिक्षण सामग्री वितरित की गई, क्वालिटी इंडिया टूर्स के संरक्षक अनिल द्विवेदी ने बताया कि उद्देश्य है कि पढ़ें और आगे बढ़ें,शिक्षा से कोई वंचित न रहे, सभी बच्चों को शिक्षा प्राप्त करवाने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है, उनकी संस्था का प्रयास है कि प्रत्येक बच्चा शिक्षा सामग्री के अभाव में शिक्षा से वंचित न रह पाए उनकी संस्था इस तरह के वितरण सहयोग कार्य करती रहेगी,इस मौके पर जर्मनी के गुंटर रोडे,हाईके क्नाईब,सामाजिक कार्यकर्ता राजीव वाजपेई सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता शामिल रहे।

# पति की मौत के 3 साल बाद भी आर्थिक मदद को तरस रही बेवा



छतरपुर। जिला मुख्यालय पर आयोजित मंगलवार की जनसुनवाई में एक बार फिर सरकारी तंत्र की कछुआ चाल का नमूना सामने आया। एक पीड़ित महिला अपने पति की सड़क दुर्घटना में हुई मौत के बाद मिलने वाली अनुग्रह राशि के लिए पिछले तीन वर्षों से दफ्तरों के चक्कर काट रही है। चंदला निवासी पीड़िता भूरी अहिरवार ने बताया कि उसके पति राजू अहिरवार की 13 नवंबर 2022 को काम पर जाते समय एक भीषण सड़क हादसे में जान चली गई थी। पीड़िता के अनुसार, हादसे के बाद गंभीर रूप से घायल राजू को पहले जिला अस्पताल छतरपुर और फिर ग्वालियर रेफर किया गया था, जहाँ उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना के तुरंत बाद पीड़िता ने शासन की कल्याणकारी योजना के तहत आर्थिक सहायता प्राप्त करने हेतु नगर परिषद चंदला में सभी आवश्यक दस्तावेज जमा कर प्रक्रिया पूरी कर ली थी। लेकिन विडंबना यह है कि आज तक उसे फूटी कौड़ी भी नहीं मिली है। पति की मौत के बाद परिवार के भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है। आर्थिक तंगी से जूझ रही महिला ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि उसे जल्द से जल्द अनुग्रह राशि दिलाई जाए।

# 300 एकड़ वन भूमि पर माफियाओं का कब्जा,विभाग मौन



### मुनारों तक जोत दी जमीन,जिम्मेदारों की चुप्पी पर उठे सवाल

महाराजपुर। लवनिया हार मे स्थित महाजरपुर जोत खसरा नंबर 246 वन विभाग की डीसीआर पंजी में दजर्.नहीं फिर भी किसानो को वन विभाग खेती करने से रोक रहा हैं। किसान शैलेन्द्र,शिवम,रजनीश चौरसिया ने वन विभाग पर गंभीर आरोप लगाए किसान ने जानकारी देते हुए बताया लवनिया हार क्षेत्र में वन भूमि पर अवैध कब्जे का बड़ा मामला सामने आया है जहां लगभग 300 एकड़ से अधिक जमीन पर अतिक्रमण कर खुलेआम खेती की जा रही है।हैरानी की बात यह है कि इतने बड़े पैमाने पर कब्जे के बावजूद वन विभाग पूरी तरह मौन साधे हुए है जिससे अब यह मामला महज लापरवाही नहीं बल्कि मिलीभगत की ओर इशारा करता नजर आ रहा है।क्षेत्र में हालात इतने गंभीर हैं कि वन विभाग द्वारा कराए गए सीमांकन के मुनारे तक खेतों में समा गए हैं। यह दृश्य साफ दर्शाता है कि अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं और जिम्मेदार अधिकारियों की कार्रवाई नदारद है।

### सब जानते हैं,कार्रवाई शून्य

स्थानीय लोगों के अनुसार इस अवैध कब्जे की जानकारी हर स्तर पर है लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है।सूत्र बताते हैं कि जब पहले यह मामला उजागर हुआ तो विभाग में हलचल जरूर हुई लेकिन बीट गार्ड और डिप्टी रेंजर स्तर पर जांच को कागजों तक सीमित कर दिया गया और मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।

### बड़े किसानों को बचाए,छोटे किसानों को फंसाए

इस पूरे प्रकरण में सबसे बड़ा सवाल विभाग के दोहरे रवैये पर उठ रहा है। जहां सैकड़ों एकड़ वन भूमि पर कब्जा कर खेती की जा रही है वहां विभाग चुप्पी साधे बैठा है।वहीं दूसरी ओर छोटे किसानों पर कार्रवाई कर सख्ती दिखाने की कोशिश की जा रही है।

### किसानों में आक्रोश कार्रवाई की मांग

वन विभाग के इस रवैये से स्थानीय किसानों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही निष्पक्ष जांच कर बड़े कब्जाधारियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या वन विभाग इस मामले में सख्त कदम उठाकर अतिक्रमण हटाएगा या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

# रामटौरिया जैन मंदिर में चोरी का प्रयास, ताले तोडऩे में नाकाम चोर

### स्टाफ की कमी से लाचार पुलिस, तीन जिलों-यूपी बॉर्डर वाले क्षेत्र में सुरक्षा भगवान भरोसे

**रामटौरिया। क्षेत्र के जैन मंदिर में बीती रात चोरों ने धावा बोलकर चोरी का प्रयास किया। बदमाश मंदिर के मुख्य द्वार के ताले तोडऩे की कोशिश में जुटे रहे, लेकिन सफलता नहीं मिली और उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा। सुबह घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए।**
इस संबंध में रामटौरिया जैन समाज के अध्यक्ष,उपाध्यक्ष,कोषाध्यक्ष एवं ने बताया कि मंदिर के मुख्य गेट के ताले तोडऩे का प्रयास किया गया, लेकिन चोर असफल रहे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पुलिस की कमी के चलते इस तरह की घटनाएं बढऩे लगी हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल बन रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि इलाके में पुलिस बल की भारी कमी के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। रामटौरिया चौकी में वर्तमान में मात्र एक एसआई और दो आरक्षक ही पदस्थ हैं, जो इतने बड़े और संवेदनशील क्षेत्र के लिए नाकाफी हैं।रामटौरिया की स्थिति बेहद संवेदनशील मानी जाती है। यहां से तीन जिलों की सीमाएं जुड़ती हैं, साथ ही उत्तरप्रदेश का बॉर्डर भी नजदीक है। इसके बावजूद पुलिस बल की कमी और लापरवाही साफ नजर आ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त नहीं होती, जिससे चोर-उचक्कों के हौसले बढ़ रहे हैं। मंदिर जैसे आस्था के केंद्र तक सुरक्षित नहीं हैं, तो आमजन की सुरक्षा का अंदाजा लगाया जा सकता है। घटना के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल पुलिस बल बढ़ाने, नियमित गश्त शुरू करने और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। धार्मिक स्थल पर चोरी का प्रयास पुलिस व्यवस्था की पोल खोलता नजर आ रहा है। अगर जल्द सुधार नहीं हुआ, तो क्षेत्र में बड़ी वारदात से इनकार नहीं किया जा सकता।

### झूठे मामले में फंसाने का आरोप, महिला ने एसपी से लगाई गुहार


**छतरपुर। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक महिला ने अपने परिवार को झूठे प्रकरण में फंसाने और जान से मारने की धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई। ग्राम दिलापुर निवासी अनुसुईया पटेरिया ने एसपी को दिए आवेदन में आरोप लगाया कि अनिल पटेरिया, जयदीप पटेरिया सहित अन्य लोगों से उनका पुराना जमीन विवाद चल रहा है।**
महिला के अनुसार 30 मार्च की रात आरोपी घर के बाहर आकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट की, जिससे उसकी मां को चोट आई। साथ ही बाल पकड़कर घर से बाहर निकालने की कोशिश की गई। बीच-बचाव के बाद आरोपी जान से मारने और घर में आग लगाने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़िता का आरोप है कि थाने में शिकायत के बावजूद पुलिस ने केवल एनसीआर दर्ज कर मामूली कार्रवाई की, जबकि मामला गंभीर था। घटना के बाद परिवार में भय का माहौल बना हुआ है। महिला ने एसपी से आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।

# जनगणना कार्य से मुक्त करने की उठी मांग



छतरपुर। जिले के ग्राम रोजगार सहायकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं और जनगणना कार्य में लगाई गई ड्यूटी के विरोध में जिला पंचायत सीईओ को एक शिकायती आवेदन सौंपते हुए जनगणना कार्य से मुक्त करने की मांग उठाई है। रोजगार सहायक संघ के राजकुमार पाठक ने बताया कि प्रशासन द्वारा ग्राम रोजगार सहायकों की ड्यूटी जनगणना कार्य में प्रगणक के रूप में लगा दी गई है, जबकि वे पहले से ही कई आर्थिक और विभागीय समस्याओं से जूझ रहे हैं। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि ग्राम रोजगार सहायकों को पिछले चार महीनों से वेतन नहीं मिला है, जिससे उनके सामने परिवार के भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है। साथ ही, उन्होंने अपनी नियुक्ति की स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि वे न तो नियमित कर्मचारी हैं और न ही संविदा श्रेणी में आते हैं; उन्हें 'अंशकालीन' श्रेणी में रखा गया है। ऐसी स्थिति में जनगणना जैसे महत्वपूर्ण और विस्तृत कार्य की जिम्मेदारी उन पर डालना तर्कसंगत नहीं है। रोजगार सहायकों ने मांग की है कि उन्हें जनगणना के प्रगणक कार्य से तत्काल मुक्त किया जाए और यह जिम्मेदारी अन्य विभागों के नियमित कर्मचारियों जैसे शिक्षक, पटवारी या अन्य स्थायी कर्मियों को सौंपी जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार नहीं किया गया, तो अल्प वेतन और बिना मानदेय के अतिरिक्त कार्य करना उनके लिए संभव नहीं होगा।

# सर्पदंश से बेटे की मौत, एक साल से मदद के लिए भटक रहा पिता



छतरपुर। मंगलवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई में एक हृदयविदारक मामला सामने आया, जिसमें एक लाचार पिता अपने जवान बेटे को खोने के बाद अब सरकारी मदद के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है। ग्राम बमनौरा कला निवासी बालकिशन रैकवार ने कलेक्टर के समक्ष गुहार लगाते हुए बताया कि उनके 22 वर्षीय पुत्र आनंद रैकवार की मृत्यु 12 सितंबर 2025 को उत्तर प्रदेश के वृंदावन में सांप के काटने से हुई थी। गंभीर हालत में उसे उपचार हेतु टीकमगढ़ लाया गया था, जहाँ इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया और वहीं उसका पोस्टमार्टम भी संपन्न हुआ। बालकिशन का आरोप है कि घटना के तुरंत बाद उन्होंने शासन की योजना के तहत आर्थिक सहायता हेतु सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ तहसीलदार घुवारा को आवेदन प्रस्तुत किया था। लेकिन एक वर्ष का लंबा समय बीत जाने के बावजूद अब तक सहायता राशि स्वीकृत नहीं हो सकी है। दफ्तरों के चक्कर काटते-काटते थक चुके पिता ने बताया कि लगातार मिल रहे आश्वासनों के बीच परिवार अब भारी आर्थिक तंगी से जूझ रहा है।

न्यायालय प्रधान जिला न्यायाधीश बलरामपुर,
स्थान-रामानुजगंज जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग)
(पीठासीन अधिकारी- हेमंत सराफ)

**समंस / नोटिस**

(सिविल अपील अन्तर्गत धारा 388 (2) भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925)

व्यवहार अपील प्रकरण क्र.-03/2025
प्रोसेस नं.-592/26
प्रोसेस दिनांक 17.03.2026
पेशी दिनांक 16.04.2026

पक्षकार:- सोमारू व अन्य......अपीलार्थीगण विरूद्ध इस्सार पावर ट्रांसमिशन कंपनी व अन्य... उत्तरवादीगण

प्रति,
आवेदक सोमारू वगैरह के द्वारा व्यवहार वाद प्रकरण इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उसके पक्ष समर्थन में दस्तावेज भी प्रस्तुत की गयी है। अत: अनावेदक क्रमांक-1. इस्सार पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के डायरेक्टर पता-बंधुरा पोस्ट करसुलाल, तहसील माढा जिला सिंगरौली (म.प्र.) को इस समस के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत इस आवेदन के संबंध में आपको अपना पक्ष रखने हेतु अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होना है। उपरोक्त नियत तिथि एवं समय पर अनुपस्थित रहने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण की सुनवाई की जा सकेगी। यदि उक्त नियत तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है या मै अवकाश पर जाता हूँ, तो इस प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि पर की जायेगी।
इस न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक 17.03.2026 को जारी।

(हेमंत सराफ) प्रधान जिला न्यायाधीश
बलरामपुर, स्थान- रामानुजगंज (छ.ग.)

**खबर संक्षेप**

## रीवा संभाग में 15 अप्रैल से होगी गेंहू की खरीदी

**रीवा ।** शासन द्वारा किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीदी की जाती है। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में रीवा संभाग में किसानों से 15 अप्रैल से गेंहू की खरीद की जाएगी। इस संबंध में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा संभाग के सभी कलेक्टर्स को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## आमजनता के आवेदन पत्रों में की सुनवाई

**रीवा ।** कमिश्नर बीएस जामोद ने कमिश्नर कार्यालय सभागार में आवेदन पत्रों में सुनवाई की। जनसुनवाई में दिव्यदर्शन द्विवेदी निवासी कैलाशपुरी कालोनी रीवा ने अनुकम्पा नियुक्ति दिलाए जाने का आवेदन दिया। मुकद्दर बेग निवासी घोघर ने मकान से अवैध कब्जा हटाने के लिए आवेदन दिया। मुन्नीलाल तिवारी निवासी ग्राम शिवराजपुर जिला मऊगंज ने अवैध रूप से खसरे में सुधार कराने वालों पर कार्यवाही के लिए आवेदन दिया। प्रियंका सिंह निवासी ग्राम नौगवाधीर जिला सीधी ने स्पांसरशिप योजना की राशि का भुगतान कराए जाने के लिए आवेदन दिया। जन सुनवाई में अरूण कुमार त्रिपाठी निवासी उर्रहट ने अति गरीबी का प्रमाण पत्र बनाए जाने सहित अन्य आवेदकों द्वारा अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गए। कमिश्नर ने सभी अधिकारियों को जनसुनवाई के आवेदन पत्रों का सात दिवस में निराकरण करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## दो युवकों पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला

**रीवा।** जिले में अवैध खनन का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है और अब यह खुलेआम हिंसा का कारण बनता जा रहा है। ताजा मामला चोरहटा थाना क्षेत्र से सामने आया है, जहां अवैध उत्खनन के विरोध में दो युवकों पर लाठी-डंडों और रॉड से जानलेवा हमला कर दिया गया। दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हैं और अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं।जानकारी के अनुसार, घटना बीती रात करीब 1 बजे की है। बताया जा रहा है कि कुछ आरोपी जेसीबी मशीन लेकर श्मशान घाट क्षेत्र में अवैध उत्खनन के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान सोनरा निवासी सोनम सिंह भदौरिया और हिमांशु सिंह ने इसका विरोध किया। विरोध करना दोनों युवकों को भारी पड़ गया। आरोप है कि मौके पर मौजूद आरोपियों ने आक्रोशित होकर दोनों युवकों पर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही गिर पड़े। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।अवैध खनन पर उठे सवालचोरहटा क्षेत्र में लगातार हो रहे अवैध उत्खनन को लेकर एक बार फिर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के अंधेरे में बेखौफ होकर जेसीबी और अन्य मशीनों से खनन किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने में नाकाम साबित हो रहे हैं।

## 100 बोतल नशीली कफ सिरप के साथ आरोपी गिरफ्तार



**रीवा।** पुलिस महानिरीक्षक द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन प्रहार-2 के अंतर्गत गोविंदगढ़ थाना पुलिस ने अवैध नशीली कफ सिरप के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 30 मार्च को थाना गोविंदगढ़ अंतर्गत चौकी शिवपुरवा क्षेत्र में पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सहिजना मोड़ के पास नहर किनारे एक व्यक्ति अवैध नशीली कफ सिरप की बिक्री कर रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 100 नग अवैध नशीली कफ सिरप बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 20,150 रुपये बताई जा रही है। साथ ही अपराध में प्रयुक्त मोटरसाइकिल (**MP**19**ZJ**-6291) जिसकी कीमत लगभग 80,000 रुपये तथा दो मोबाइल फोन करीब 25,000 रुपये मूल्य के जब्त किए गए हैं। कुल जब्त सामग्री की कीमत लगभग 1,25,150 रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अजय तिवारी उर्फ शिब्बू (35 वर्ष), निवासी ग्राम सहिजना नंबर-02, थाना गोविंदगढ़, जिला रीवा के रूप में हुई है।

# सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों का करें तत्परता से निराकरण - कमिश्नर

## जल गंगा संवर्धन अभियान में पुरानी जल संरचनाओं को कराएं पुनर्जीवित

**रीवा ।**



कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन की 50 दिवस से अधिक और नॉन अटेंडिंग शिकायतों को गंभीरता से लें। जिला स्तर के अधिकारी लंबित प्रकरणों का तत्परता से निराकरण कराएं। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में सिंगरौली जिले ने अच्छा कार्य करते हुए ए ग्रेडिंग हासिल की है। अन्य जिले भी लंबित शिकायतों का निराकरण कर अपनी ग्रेडिंग सुधारें। कमिश्नर ने 'कमिश्नर्स-कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस' के एजेंडा बिंदुओं पर की गई कार्यवाही की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित प्राथमिकताओं पर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तत्काल ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कराएं जिससे शासन स्तर पर संभाग की वास्तविक प्रगति परिलक्षित हो सके। सभी विभाग गत वित्तीय वर्ष में दिए गए लक्ष्यों के आधार पर हुई प्रगति का प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि नरवाई जलाना पर्यावरण और भूमि दोनों के लिए हानिकारक है। इससे वायु प्रदूषण में बढ़ोत्तरी होती है और मृदा की उर्वरता भी प्रभावित होती है। इसलिए किसानों को नरवाई न जलाने के लिए समझाइश दें। हार्वेस्टर में स्ट्रारीपर लगे होने पर ही उन्हें फसल कटाई की अनुमति दें। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि प्रशासनिक नवाचार के तहत ई आफिस व्यवस्था लागू की गई है। अब कार्यालयों के अंदर तथा अन्य कार्यालयों में फाइलों का संचालन ऑनलाइन माध्यम से हो रहा है। ई आफिस व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करके रीवा संभाग में संभागीय रैंकिंग में अक्टूबर माह से लगातार प्रदेश में प्रथम स्थान पर बना हुआ है। सभी विभागों में ई फाइलिंग की प्रक्रिया को पूरी तरह से अपनाएं और भौतिक फाइलों पर निर्भरता कम करें। ई आफिस के माध्यम से कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं गति आएगी जिससे आम नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी। कमिश्नर ने कहा कि जल संरक्षण और संवर्धन हम सबकी नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है। जल गंगा संवर्धन अभियान में सभी अधिकारी बढ़चढ़ कर योगदान दें। जन भागीदारी से श्रमदान कराकर पुरानी जल संरचनाओं को पुनर्जीवित करने के प्रयास करें। शासन के निर्देशों के अनुरूप नदियों के उद्गम स्थलों की सफाई, पुरानी जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार तथा गत अभियान के अधूरे जल संरक्षण के कार्यों को पूरा कराने पर विशेष जोर दें। अधीक्षण यंत्री पीएचई गर्मियों में संभाग के हर बसाहट में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक प्रबंध करें। हैण्डपंपों के सुधार के लिए सभी विकासखण्डों में तत्काल कंट्रोल रूम शुरू करें। पेयजल के संबंध में प्राप्त शिकायतों पर तत्परता से और संवेदनशीलता से कार्यवाही करें। जल गंगा संवर्धन अभियान में पीएचई और जल निगम के अधिकारी नलजल योजनाओं के स्त्रोत तथा हैण्डपंपों में रिचार्ज पिट बनाने का अभियान चलाएं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में पेयजल की नियमित आपूर्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। बैठक में कमिश्नर ने संकल्प से समाधान अभियान के तहत शेष बचे सभी आवेदन पत्रों का तत्परता से निराकरण कराएं। इसके लिए सभी विभागीय अधिकारी पूर्ण संवेदनशीलता और जवाबदेही से कार्य करें। आवेदन पत्रों में आवेदकों की संतुष्टि के साथ निराकरण आवश्यक है। इस पर विशेष ध्यान दें। सभी अधिकारी नियमित रुपए से क्षेत्र भ्रमण कर वास्तविक स्थिति का आंकलन करें और मौके पर समस्याओं का निराकरण करें। बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त एलएल अहिरवार, अधीक्षण यंत्री पीएचई महेन्द्र सिंह, उप संचालक मछलीपालन डॉ. अंजना सिंह, सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ. आरपी सिंह सहित अन्य संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## भारतीय किसान संघ ने जन समस्या को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**मऊगंज** किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ जिला इकाई मऊगंज के अध्यक्ष हरिशंकर पांडेय के नेतृत्व में संघ के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से मुलाकात की और और ज्वलंत समस्याओं के निराकरण हेतु ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधि मंडल द्वारा मुख्य रूप से हैंडपंप उत्खनन में लगी रोक, पेट्रोल पंप में किसानों को डिब्बे में डीजल न मिलने। मऊगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम मांच में गाड़ा जलाशय एवं अटारी जलाशय के मध्य नवीन गौशाला निर्माण कराए जाने। जिले के बरहटा, सीतापुर वितरण सहकारी समिति सहित हनुमना में गेहूं उपार्जन केंद्र बनाए जाने। किसानों द्वारा बिक्री की गई धान की फसल के शेष राशि का भुगतान कराए जाने की मांग की गई। इसी तरह मऊगंज तहसील क्षेत्र के रकरी पचपहरा गांव स्थित भूमि अभिलेखों में हेरा फेरी के मुद्दे को उठाते हुए कहा गया कि मामले में कार्यवाही की जाए। क्षेत्र में निर्मित बिजली समस्या से उपभोक्ताओं को सुविधा की दृष्टि से पूर्व की तरह हर केंद्र पर शिकायत रजिस्टर संधारित कराया जाए जिससे किसानों की समस्या का समय पर समाधान हो सके। गिरदावरी नियमानुसार कराई जाए साथ ही एक बगिया मां के नाम अंतर्गत हितग्राहियों का भुगतान कराया जाए।



किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए हुई चर्चा के दौरान संघ के प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि मार्च महीने से जून तक जिला प्रशासन द्वारा हैंडपंप उत्खनन में प्रतिबंध लगा दिया जाता है जिससे किसान अपनी योजना अनुसार अपने खेतों में बोरवेल का उत्खनन नहीं कर पाते। किसानों के पास सबसे बड़ी समस्या यह होती है कि अन्य सीजन में खेतों तक बोरवेल मशीन नहीं पहुंच पाती, गर्मी का ही सीजन ऐसा होता है जब खेती कट जाने के बाद अवरुद्ध मार्ग खुल जाते हैं, लेकिन इसी सीजन में प्रतिबंध लग जाने के कारण किसान अपनी खेती को बेहतर ढंग से करने एवं अच्छा उत्पादन प्राप्त करने के लिए सिंचाई हेतु ट्यूबवेल नहीं करा पाते जिससे किसानों का खेती जैसा मूल व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। इसी तरह पेट्रोल पंपों में डिब्बा में डीजल प्रदाय किए जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है जिससे किसानों को कृषि कार्य से संबंधित मशीनरी में डीजल के लिए भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। चर्चा के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि कृषि यंत्रों को पेट्रोल पंप पर ले जाकर डीजल लेना संभव नहीं है अतः किसान हित में उचित निर्णय लिया जाय, जिससे क्षेत्र के किसान अपने कृषि उत्पादन को बेहतर कर सके। भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधिमंडल द्वारा विभिन्न समस्याओं को लेकर सौंप गए ज्ञापन एवं हुई चर्चा के बाद कलेक्टर जैन द्वारा आश्वासन दिया गया कि समस्याओं का निदान किया जाएगा। इस दौरान संघ द्वारा कृषक रामवती सिंह पति सुदामा सिंह निवासी ग्राम सरदमन के भूमि पर खनिज कारोबारी द्वारा किए गए अवैध उत्खनन की जांच कार्यवाही एवं कृषक के जमीन का सीमांकन कराए जाने की मांग की गई, साथ ही गोदरी शिव प्रसाद गांव निवासी रमाशंकर मिश्रा के निर्माणाधीन भवन में पेड़ गिर जाने के संबंध में आवेदन देकर निराकरण कराए जाने की मांग की गई। मामले को कलेक्टर जैन द्वारा गंभीरता से लेते हुए संबंधी विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को त्वरित निराकरण कराए जाने के निर्देश दिए गए।

## नगर निगम का 2026-27 का बजट पारित, बिना नए कर के विकास पर फोकस, आय-व्यय अंतर घटकर 109.96 लाख, वार्ड विकास के लिए 118.90 करोड़ का प्रावधान; पेयजल, इंफ्रास्ट्रक्चर और आय बढ़ाने पर जोर





**रीवा।**

नगर पालिक निगम रीवा की 17वीं स्थगित साधारण सभा मंगलवार को निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' एवं निगम आयुक्त सौरभ संजय सोनवणे की उपस्थिति में वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट चर्चा के बाद पारित कर दिया गया। बजट में बिना किसी नए कर के शहर के समग्र विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और निगम की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने पर विशेष फोकस रखा गया है। बैठक के दौरान पार्षदों ने बजट पर विस्तृत चर्चा करते हुए अपने सुझाव, संशोधन और आपत्तियां रखीं। पार्षद राजीव शर्मा, अख्तर अली, ज्योति प्रदीप सिंह, पूजा प्रमोद सिंह सहित कई सदस्यों ने विभिन्न बिंदुओं पर सवाल उठाए। मेयर-इन-काउंसिल सदस्य धनेन्द्र सिंह बघेल ने सभी शंकाओं का जवाब देते हुए स्पष्ट किया कि परिषद द्वारा पारित प्रस्तावों का क्रियान्वयन आयुक्त के अधिकार क्षेत्र में आता है और उनके क्रियान्वयन की जानकारी बजट के माध्यम से पार्षदों को उपलब्ध कराई जाती है।उन्होंने म.प्र. नगरपालिक निगम अधिनियम 1956 एवं संबंधित नियमों का हवाला देते हुए कहा कि परिषद में पालन प्रतिवेदन को अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने का कोई प्रावधान नहीं है। साथ ही उन्होंने बताया कि अधिनियम की धारा 18(2) के तहत अध्यक्ष को यह अधिकार है कि वे लंबित मामलों की निष्पादन रिपोर्ट आयुक्त से मांग सकते हैं और तीन माह से अधिक लंबित मामलों को एजेंडा में शामिल किया जा सकता है। महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' ने बजट को संतुलित, व्यावहारिक और जनसहभागिता पर आधारित बताया। उन्होंने कहा कि यह छठवीं परिषद का चौथा बजट है, जिसमें किसी भी प्रकार का नया कर प्रस्तावित नहीं किया गया है। बजट तैयार करते समय शहर के नागरिकों के सुझावों को शामिल किया गया है और लोकलुभावन घोषणाओं से बचते हुए वास्तविक जरूरतों पर ध्यान दिया गया है।महापौर ने बताया कि निगम के आय-व्यय अंतर में लगातार सुधार हो रहा है। वर्ष 2024-25 में जहां यह अंतर 7019.62 लाख रुपए था, वहीं 2025-26 में घटकर 1321.86 लाख रह गया और अब 2026-27 में इसे घटाकर मात्र 109.96 लाख कर दिया गया है। यह निगम के बेहतर वित्तीय प्रबंधन का संकेत है।वार्ड विकास को मिला बड़ा बजटशहर के वार्डों के समुचित विकास के लिए इस बार 118.90 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 48.90 करोड़ अधिक है। महापौर ने कहा कि विशेष रूप से उन वार्डों में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी, जहां अब तक अपेक्षित कार्य नहीं हो सके हैं। महापौर ने निगम को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शासन के समक्ष कई मांगें रखीं। इनमें नजूल भूमि को निगम को हस्तांतरित करना, शासकीय विभागों पर लंबित लगभग 5 करोड़ रुपए की राशि दिलाना, चुंगी क्षतिपूर्ति में हर साल न्यूनतम 10 प्रतिशत वृद्धि करना और सड़कों के रखरखाव के लिए बजट बढ़ाकर 25 करोड़ रुपए करना शामिल है। इसके साथ ही निगम द्वारा लिए जा रहे ऋणों पर अधिक ब्याज दर को देखते हुए ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराने की भी मांग की गई, ताकि विकास कार्यों पर अधिक संसाधन खर्च किए जा सकें। बैठक के अंत में वित्त एवं लेखा विभाग के प्रभारी सदस्य रवि तिवारी ने अध्यक्ष एवं पार्षदों का आभार व्यक्त किया। इसके बाद सभापति व्यंकटेश पाण्डेय ने बैठक समाप्ति की घोषणा की।पेयजल और आधारभूत ढांचे पर प्राथमिकताबजट में पेयजल व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। इसके तहत क्षतिग्रस्त और पुरानी पाइप लाइनों का प्रतिस्थापन, ओवरहेड टैंक, इंटेकवेल, रॉ वाटर राइजिंग मेन, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और क्लीयर वाटर डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के कार्य आगामी वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा जिन घरों में अभी तक नल कनेक्शन नहीं हैं, उन्हें भी कनेक्शन उपलब्ध कराने की योजना बनाई गई है, जिससे हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाया जा सके।पीपीपी मॉडल से आय बढ़ाने की तैयारीनगर निगम की आय में वृद्धि के लिए पीपीपी, डीबीएफओटी और ईपीसी मॉडल के तहत कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को शामिल किया गया है। इनमें तानसेन कॉम्प्लेक्स का पुनर्विकास, शिल्पी प्लाजा क्षेत्र में मल्टीलेवल पार्किंग, ट्रांसपोर्ट नगर में अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल (ISBT), गंगोत्री कॉलोनी एवं रानीगंज क्षेत्र में आवासीय-व्यावसायिक परियोजनाएं प्रमुख हैं। महापौर ने बताया कि स्वयं वित्तीय योजनाओं के तहत गांधी कॉम्प्लेक्स में निर्माणाधीन दुकानों से निगम को आय प्राप्त होगी, जिससे आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी।धरोहर संरक्षण और सौंदर्यीकरणशहर के सौंदर्यीकरण और ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण पर भी बजट में विशेष ध्यान दिया गया है। पदमधर पार्क का जीर्णोद्धार पूरा हो चुका है, जबकि ऋतुराज पार्क का कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा महापुरुषों की प्रतिमाओं की स्थापना का कार्य भी जारी है।

## ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा में भारतीय संगीत की विकास यात्रा, कलाकार और मंच की भूमिका" विषय पर संगोष्ठी संपन्न

**रीवा**

शासकीय स्वशासी ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा में भारतीय संगीत विभाग द्वारा प्रो. रवींद्र कुमार धुर्वे के संयोजकत्व में ²भारतीय संगीत की विकास यात्रा में कलाकार और मंच की भूमिका² विषय पर राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का वृहद आयोजन किया गया समारोह में उच्च शिक्षा रीवा संभाग के ए. डी. डॉ आर पी सिंह विशिष्ट अतिथि रहे दूसरे विशिष्ट अतिथि डॉ.महानंद द्विवेदी प्रशासनिक अधिकारी रहे और अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अर्पिता अवस्थी ने की मुख्य वक्ता के रूप में डॉ ज्ञानेंद्र दत्त बाजपेई डीम्ड यूनिवर्सिटी लखनऊ रहे इसके साथ विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ संजय वर्मा वाराणसी डॉ हरिओम हरि खैरागढ़ डॉ लिकेश्वर वर्मा खैरागढ़ डॉ शिवनारायण मोरे खैरागढ़ रहे स्वागत भाषण संगीत विभाग के प्रो एवं कार्यक्रम के संयोजक प्रो रवीन्द्र कुमार धुर्वे ने दिया तत्पश्चात विषय प्रवेश का कार्य विभागाध्यक्ष संगीत विभाग डॉ नागेश त्रिपाठी ने किया मुख्य वक्ता डॉ ज्ञानेंद्र दत्त वाजपेई ने शोध संगोष्ठी के विषय ²भारतीय संगीत के विकास यात्रा में कलाकार और मंच की भूमिका² विषय पर प्राचीन काल से लेकर आधुनिक काल और वर्तमान तक संगीत की यात्रा के विषय में बताया कि संगीत किस तरह विकासशील रहा है और समय के साथ उसमें परिवर्तन भी होता रहा है इसलिए मंच और कलाकार का इस संगीत की यात्रा में अभूतपूर्व योगदान है । अतिरिक्त संचालक रीवा डॉ आर पी सिंह ने अपने वक्तव्य में संगीत की महत्ता के





विषय में चर्चा की और जीवन से जोड़ते हुए संगीत की विकास यात्रा के बारे में चर्चा की उन्होंने संगीत विभाग को इस शोध संगोष्ठी के लिए बधाई दी प्राचार्य डॉ अर्पिता अवस्थी ने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में कहा की संगीत एक महत्वपूर्ण विषय है जो विज्ञान से भी कहीं ना कहीं जुडा हुआ है एवं हम सभी को जीवन के हर क्षण में प्रभावित करता है उन्होंने संगीत विभाग को इस शोध संगोष्ठी के लिए शुभकामनाएं दी इस शोध संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में अतिथियों का स्वागत विभाग के डॉ सरिता पाठक,प्रो सत्येन्द्र सिंह पटेल, प्रो नित्यानंद चौधरी, डॉ आरती मिश्रा, प्रो पूजा शुक्ला, के द्वारा किया गया उद्घाटन सत्र के पश्चात तकनीकी सत्र में विभिन्न महाविद्यालय से आए हुए प्रोफेसर और रिसर्च स्कॉलरों के द्वारा लगभग 20 शोध पत्रों का वाचन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से गर्ल्स कॉलेज के संगीत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ देवाशीष बनर्जी एवं संगीत विभाग की प्रो वनिता धुर्वे के शोध पत्र उल्लेखनीय रहे शोधार्थियों में दिल्ली यूनिवर्सिटी से आए रोहित साकेत का प्रदर्शन सराहनीय रहा और सभी ने बेहद सुंदर प्रस्तुति दी इस तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ संजय वर्मा ने की एवं विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ लिकेश्वर वर्मा एवं डॉ हरिओम हरि उपस्थित रहे जिसमें प्रतिवेदक के रूप में निहारिका गौतम रही। दोनों सत्रों में सफल संचालन डॉ सरिता पाठक प्राध्यापक संगीत किया इसके पश्चात इस शोध संगोष्ठी के अंतिम सत्र में महाविद्यालय के संगीत विभाग द्वारा आयोजित सांस्कृतिक सत्र में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सर्वप्रथम डॉ सरिता पाठक के निर्देशन में विभाग की छात्र छात्राओं द्वारा गुरु वंदना की प्रस्तुति की गई, सतना से पधारी सुकृति सोनी एवं ग्रुप के द्वारा कथक नृत्य की उत्तम प्रस्तुति हुई, इसके पश्चात शास्त्रीय गायन में डॉ लिकेश्वर वर्मा खैरागढ़ यूनिवर्सिटी ने राग भीमपलासी में गायन प्रस्तुत किया जिसे संगीत प्रेमियों ने खूब सराहा उनके साथ तबले पर संगत खैरागढ़ से डॉ शिवनारायण मोरे ने की इसके पश्चात वाराणसी से पधारे विद्वान डॉ संजय वर्मा ने मोहन वीणा एवं उनके सुपुत्र ने सितार पर जुगलबंदी प्रस्तुत की राग यमन में इस प्रस्तुति ने समा बांध दिया जिसमें तबला संगत डॉ हरिओम हरि ने की अगले क्रम में डॉ हरिओम हरि (खैरागढ़) बनारस घराना तबला की प्रस्तुति दी जो अत्यंत सराहनी रही दर्शकों को अत्यधिक पसंद आई प्रस्तुति के अगले क्रम में लखनऊ डीम्ड यूनिवर्सिटी के भरतनाट्यम विभाग के अध्यक्ष डॉ ज्ञानेंद्र दत्त बाजपेई द्वारा भरतनाट्यम की मोहक प्रस्तुति दी पूरे कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में रिसर्च स्कॉलर्स एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे एवं इस कार्यक्रम को सफल बनाया जिसमें डॉ शालिनी दुबे,डॉ अमित तिवारी, डॉ सुशील दुबे, डॉ संजय शंकर मिश्रा, डॉ अच्युत पांडेय, डॉ वंदना त्रिपाठी, डॉ शाहिदा सिद्दीकी, डॉ मधुलिका श्रीवास्तव, डॉ आर एन तिवारी, डॉ उर्मिला वर्मा, डॉ कुमुद श्रीवास्तव, डॉ एस पी शुक्ला,डॉ एस पी सिंह, डॉ शशि त्रिपाठी, डॉ भावना साहू, डॉ निवेदिता चौहान, डॉ ममता कोरी,डॉ राजेंद्र वर्मा, डॉ अश्विनी द्विवेदी, डॉ विनोद मिश्रा, डॉ विनोद विश्वकर्मा, डॉ देवाशीष बनर्जी, प्रो वनिता धुर्वे, डॉ प्रदीप विश्वकर्मा, प्रो रत्नेश्वरी, डॉ गुलशेर अहमद, डॉ सोनी सिंह बघेल, डॉ तर्रानुम खान डॉ राजकिशोर मिश्रा, श्री गिरधर दुबे,डॉ बृजेश साकेत डॉ बृजेंद्र कुशवाहा, डॉ ब्रह्मेन्द्र मिश्रा एवं अन्य सभी।



## कांग्रेस कार्यकर्ता लालटेन एवं खाली गैस सिलेंडर लेकर साइकिल से कलेक्ट्रेट पहुंचे और सौंपा ज्ञापन*

### पेट्रोल-डीजल, एलपीजी गैस और बिजली दरों एवं बढ़ती महंगाई जैसे ज्वलंत मुद्दों को लेकर सरकार पर साधा निशाना*

***मऊगंज***

कांग्रेस पार्टी द्वारा अनोखा प्रदर्शन किया गया, ज्वलंत मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने सरकार को घेरते हुए कहा कि अपने अच्छे दिन वापस लो और हमारे पुराने दिन वापस कर दो। जिला कांग्रेस कमेटी के आयोजकत्व एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव तथा पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता लालटेन एवं खाली गैस सिलेंडर लेकर साइकिल यात्रा कर कलेक्ट्रेट पहुंचे और ज्वलंत जनसमस्याओं को लेकर राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। राज्यपाल के नाम सौंपे गए ज्ञापन में एलपीजी गैस की बढ़ती कीमतों, पेट्रोल-डीजल की कमी और बिजली दरों में वृद्धि सहित कई मुद्दों पर तत्काल कार्यवाही की मांग की गई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर मऊगंज जिला कांग्रेस कार्यालय से मुख्य बाजार होते हुए साइकिल रैली निकाल कर लालटेन एवं खाली गैस सिलेंडर लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। इस दौरान भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना ने कहा कि प्रधानमंत्री जी मेरे पुराने दिन लौटा दो, मेरे केरोसिन वाले दिन अच्छे थे, मोदी जी अपने अच्छे दिन वापस कर लो। सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश सहित पूरे देश में एलपीजी गैस के दामों में लगातार वृद्धि हो रही है, डीजल पेट्रोल के लिए पेट्रोल पंपों में मारामारी जैसे हालात है। वहीं पर्याप्त उपलब्धता न होने के कारण आम लोग धूप में लंबी कतारों में खड़े होने को मजबूर हैं। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस ने गैस की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की।पेट्रोल और डीजल की कमी को लेकर भी सरकार को घेरा और कहा कि कई पेट्रोल पंपों पर उपभोक्ताओं को उनकी जरूरत के अनुसार ईंधन नहीं मिल पा रहा है, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कांग्रेस ने 1 अप्रैल 2026 से बिजली दरों में 4.80 प्रतिशत वृद्धि को भी अन्यायपूर्ण बताया। आरोप लगाया गया कि आम उपभोक्ताओं और किसानों को महंगी बिजली दी जा रही है, जबकि उद्योगपतियों को सस्ती दरों पर बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। बढ़ी हुई दरों को तुरंत वापस लेने की मांग की गई।

नईगढ़ी थाना क्षेत्र में विवेक कुमार विश्वकर्मा की संदिग्ध मौत के मामले में निष्पक्ष जांच और दर्ज कथित झूठे प्रकरण को वापस लेने की भी मांग उठाई गई। साथ ही नगर परिषद मऊगंज के वार्ड 11 में निवासरत अनुसूचित जाति-जनजाति के गरीब परिवारों के पुनर्वास के बाद ही विस्थापन सुनिश्चित करने की मांग की गई।